卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 12 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦19 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

पंचम नवरात्र

जय माता की
स्कंदमाता

नवरात्र के पांचवे दिन मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है।

ट्रक में मिला 750 करोड़ कैश

हैदराबाद(उद ब्यूरो)। आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए गद्वाल में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ड्यूटी के दौरान पुलिस टीम ने एनएच पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 750 करोड़ रुपए कैश बरामद किए। यह देखकर पुलिस अधिकारी भी सकते में आ गए। जब चुनाव अधिकारी मामले में ऐक्शन लेने वाले थे, तभी सच्चाई उनके सामने आ गई और उन्हें ट्रक को छोड़ना पड़ा। दिल्ली में तेलंगाना चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से पहले हैदराबाद की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों से गोवा और अन्य स्थानों से हैदराबाद के रास्ते तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। वह राज्य पुलिस द्वारा कम नकदी जब्ती से भी नाराज थे। विपक्षी दलों की शिकायतों के बाद चुनाव आयोग ने शीर्ष आईपीएस अधिकारियों, चार कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला भी कर दिया है। चुनाव आयोग के सख्त रुख अपनाने के बाद राज्य में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी कोई कोताही नहीं बरतना चाहते हैं। यही वजह है कि गड़बड़ी की आशंका के चलते पुलिस की टीम ने एक ट्रक को राजमार्ग पर रोक दिया। मामले की जानकारी देते हुए तेलंगाना पुलिस के नोडल अधिकारी संजय कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

ट्रक खाई में गिरने से चालक की मौत

टिहरी (उद संवाददाता)।पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं। ताजा घटना जनपद टिहरी– देवप्रयाग क्षेत्र की है जहां एक ट्रक मुख्य मार्ग से गहरी खाई में गिर गया। जिसमें वाहन चालक की दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मस्कट के बाद सबको कब्जे में लेकर उसे स्थानी पुलिस को सौंप दिया जहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जिला नियन्त्रण कक्ष, टिहरी गढ़वाल द्वारा एसडीआरएफ को सूचित किया गया कि देवप्रयाग में (शेष पृष्ठ सात पर)

रूद्रपुर में युवक की हत्या

धारदार हथियार से किया हमला, पुलिस जांच में जुटी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा में युवक पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूलरूप से थाना बहेड़ी सिकरी बरेली निवासी 40 वर्षीय लेखपाल पुत्र रामभरोसे मजदूरी का काम करता था वह अविवाहित था और भदईपुरा वार्ड नंबर चार निवासी अपनी बहन के परिवार के साथ रहता था। बहन के मुताबिक तीन–चार दिन से लेखपाल घर नहीं आ रहा था और भदईपुरा में रहने वाले दोस्त के घर रह रहा था। बुधवार रात भी वह दोस्त के साथ ही था। देर रात 12 बजे सूचना मिली कि लेखपाल की लहूलुहान हालत में दोस्त के घर के बाहर पड़ा है। इसका पता चलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। लोगों के पहुंचने से पहले ही लेखपाल का दोस्त और उसका पुत्र फरार हो गया था। सूचना पर सीओ अनुषा बड़ोला, एसएसआइ कमाल खान, एसएसआइ अर्जुन गिरी गोस्वामी, रम्पुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर (शेष पृष्ठ सात पर)

दो अन्तर्राष्ट्रीय नशा तस्कर गिरफ्त में

करोड़ों की कोकीन तस्करी गिरोह में थे शामिल, फर्जी दस्तावेज व उपकरण बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्पेशल टास्क फोर्स ने जम्मू–कश्मीर पुलिस के साथ ज्वाइंट ऑप्रेशन में नार्को आतंकी माड्यूल कनेक्शन जम्मू कश्मीर में पकड़े गये कुख्यात अपराधियों के नेटवर्क में संलिप्त दो आरोपियों को जनपद उधम सिंह नगर से गिरफ्तार किया है। संलिप्त अपराधियों के नेटवर्क में शामिल दोनों अभिक्युतों से भारी मात्रा में नकली कागजात मोहर व उपकरण बरामद किये गये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुये बताया कि विगत माह 30 सितम्बर को जम्मू–कश्मीर पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों से रामबन जिले में कई करोड़ों रूपये की 34 किलोग्राम कोकीन (हेरोइन) के साथ गिरप्तार कर एक नाको–आतंकी मॉड्यूल का भण्डाफोड़ किया गया था। बरामद की गयी कोकीन उत्तरी कश्मीर से पंजाब लायी जा रही थी। उन्होंने बताया कि शुरुवाती जांच में जम्मू–कश्मीर पुलिस को जानकारी हुयी कि जब्त कोकीन सीमा पार से लायी जा रही थी और पकड़े गये तस्करों द्वारा तलाशी नाकों पर चैकिंग से बचने के लिये फर्जी कागजात व फर्जी नम्बर प्लेटों का इस्तेमाल किया था। जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये तस्कर के पंजाब स्थित मकान से 38 फर्जी नम्बर प्लेटें, कई फर्जी पंजीकरण प्रमाण पत्र, नकली पासपोर्ट नकद 5.30 करोड़ रुपये तथा 01 अवैध रिवाल्वर बरामद किये गये। पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ये फर्जी कागजात व नम्बर प्लेटे जनपद ऊधमसिंह नगर,उत्तराखण्ड में बनाये गये है। श्री अग्रवाल ने (शेष पृष्ठ सात पर)

शिव शान्ती फिल्म कम्बाईन्स करेगी वेब सीरीज का निर्माण: तनवीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिव शान्ती फिल्म कम्बाईन्स के बैनर तले पूर्व में उत्तराखण्ड में हुऐ अपराधों पर पहली बार धारावाहिक क्राईम अलर्ट उत्तराखण्ड का फिल्मांकन किया गया। जिसमें सभी स्थानीय कलाकार थे। इस धारावाहिक का निर्माण युवाओ व समाज को नशे व अपराधों के प्रति सचेत व जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया था। धारावाहिक क्राईम अलर्ट उत्तराखण्ड युवाओ व समाज में अत्यधिक लोक प्रिय होने के पश्चात अब शिव शान्ती फिल्म कम्बाईन्स द्वारा उत्तराखण्ड की कहानियों पर आधारित ओटीटी चैनलों के लिये वैब सीरिज का निर्माण करने जा रही है। जिसकी कहानी वालीवुड के विख्यात लेखक तनवीर दुर्रानी द्वारा लिखी जायेगी। फिल्म चिंगारी, आज का रावण, गौतम गोविन्दा, तेज रफतार, नारी एक खिलौना, ब्लैक टूथ, वैब सीरिज कैसे कद्दू और पाकिजा जैसी सुपर हिट फिल्मों के लेखक अपने मित्र फिल्म निर्माता निर्देशक हेमन्त कुमार भईयू के यहाँ पहली बार उत्तराखण्ड पहुँचे। तनवीर दुर्रानी ने कहा कि उन्होंने उत्तराखण्ड के बारे में बहुत सुना है। यहाँ की खूबसूरत फिजा व वादियों को निहारने का मौका मिला है। उन्होने कहा कि यदि सरकार द्वारा फिल्म उद्योग का बढ़ावा देगी तो निर्माता निर्देशक विदेशो की तरफ कम रूख करेगें। जिससे यहाँ के लोगो को रोजगार भी मिलेगा और फिल्मों के माध्यम से उत्तराखण्ड विश्व विख्यात होगा। उन्होने कहा कि हेमन्त कुमार भईयू द्वारा निर्मित उत्तराखण्ड में बनने वाली पहली भोजपुरी फिल्म बहूरानी की कहानी भी उन्होने ही लिखी थी। लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग के समय नहीं आ (शेष पृष्ठ सात पर)

महिला और युवती लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक महिला तथा एक युवती बेहद संबंधित परिस्थितियों में लापता बताए जा रहे हैं। पहली घटना के बारे में पता चला है कि ग्राम चांदपुर निवासी सरिता 36 वर्ष पत्नी छोटे बीते 12 अक्टूबर को परिजनों को बगैर बताएं घर से कहीं चली गई। वापस नहीं लौटने पर पर परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी तरह एक अन्य मामले में हरी नगर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी एक 18 वर्षीया युवती बीते दिवस परिजनों को बताएं बगैर अचानक कहीं लापता हो गई जिसका तमाम तलाश की बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने उपरोक्त दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए गायब महिला तथा युवती का पता लगाना शुरू कर दिया।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✓ Shops ✓ Houses
✓ Industrial Property
✓ Commercial Property
✓ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

आश्वासन नहीं हुआ पूरा, छात्र फिर धरने पर

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सिसौना के छात्रों ने छात्र संघ कोषाध्यक्ष तुषार शर्मा के नेतृत्व में पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में भी एक हफ्ते पहले धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र वर्मा द्वारा छात्रों को आश्वासन देकर एक हफ्ते के समय के बाद धरने को खत्म कराया गया था। जिसकी मियाद पूरी होने के बाद राजकीय महाविद्यालय में आज फिर सभी छात्र धरने पर बैठ गए। इस दौरान छात्रों ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र वर्मा ने उनसे झूठा वादा किया था। एवं उनसे झूठ बोलकर उन्हें धरने से उठाया था। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की मांगों को 24 घंटे के अंदर संज्ञान में नहीं लिया तो सभी छात्र महाविद्यालय में कल से तालाबंदी करेंगे, पूर्ण रूप से कालेज बंद किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी कालेज प्रशासन की होगी। इस मौके पर छात्र संघ कोषाध्यक्ष तुषार शर्मा, सचिव प्रत्याशी विशाल, छात्र हितों के लिए कर रहे संघर्ष कर रहे धर्मेश जोशी, छात्र कोषाध्यक्ष प्रत्याशी नईम, अमन हालदार, यू आर प्रत्याशी अजय सरदार, अमृत पाल सिंह, रोहित, संजना लोहानी, राजेश मिस्त्री, शिवम उपाध्याय आदि छात्र मौजूद रहे।

अंतिम अरदास

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र **सुनील कुमार नारंग ‘सोनू’** (पुत्र स्व. श्री बिहारी लाल नारंग) का दिनांक 17.10.2023 को आकस्मिक निधन हो गया है, जिसकी आत्मिक शांति के लिए **अंतिम अरदास दिनांक 20.10.2023 दिन शुक्रवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक **गुरूद्वारा दशमेश नगर आवास विकास, रुद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

दुखित परिवार

स्व.श्याम लाल नारंग–
श्रीमती फूला रानी (चाचा–चाची)
हरीश नारंग–नीलम नारंग (चाचा–चाची)
प्रतिष्ठान: मै.सुनील कुमार–शिव कुमार
बगवाड़ा मण्डी,रूद्रपुर
मो.7505786611, 9639998198

वीना नारंग (माता)
नीलम नारंग (पत्नी),सारथी नारंग (पुत्री)
शिव कुमार नारंग (भाई)
प्रिंस नारंग, इंदर नारंग(भाई)
धीरज नारंग, जगदीश नारंग(भाई)
मोहित नारंग, मनीष नारंग (भाई)

समस्त नारंग एवं कक्कड़ परिवार

अबूधाबी के हिन्दू मन्दिर में धामी ने की कारसेवा

यूएई में दूसरे दिन विभिन्न औद्योगिक समूहों के साथ 3550 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन

☐मुख्यमंत्री ने बीपीएस मन्दिर के निर्माण में सहयोग देने वालों का आभार
☐भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को भी बढ़ावा देगा मंदिर

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने यूएई दौरे के दौरान बुधवार को अबू धाबी में निर्माणाधीन बीपीएस हिन्दू मन्दिर में ईंटे रखकर कारसेवा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर हिन्दू धर्म को स्थापित करने और मन्दिर निर्माण का जो कार्य चल रहा है, यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से इस मन्दिर निर्माण का कार्य हो रहा है। उनके नेतृत्व में भारत को विश्व पटल पर मान-सम्मान और अलग पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने इस मन्दिर के निर्माण में सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह हिन्दू मन्दिर सांस्कृतिक विरासत, मूल्यों, सद्भाव और परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य भी करेगा।देश दुनिया में उत्तराखंड की पहचान देवभूमि के रूप में है। केदारनाथ, बदरीनाथ, जागेश्वर धाम के साथ गंगा और यमुना जैसी नदियों का उद्गम स्थल भी है। हमारी सरकार ने सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक सुंदरता को बनाए रखते हुए प्रदेश के विकास का मार्ग चुना है। इसके लिए सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मूलमंत्र पर काम कर रही है। टूरिज्म, वेलनेस और हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री के साथ राज्य में अनेक नए और गैर परंपरागत उद्योगों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रियल स्टेट क्षेत्र में यूएई काफी प्रगति की है। यहां की प्रसिद्ध इमारतें विश्व में अपना प्रतिमान स्थापित कर चुकी हैं। राज्य में शहरों का सुनियोजित विकास और नए शहरों की स्थापना करने के लिए यूएई का सहयोग जरूरी है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव मुख्यमंत्री डा. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, सचिव उद्योग विनय शंकर पांड्य, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा भी मौजूद थे।

PS HINDU
Abu Dhal

उत्तराखण्ड में निवेश करने के लिए उद्यमी उत्साहित:सीएम

अबूधाबी/देहरादून(उद संवाददाता)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के यूएई दौरे में दूसरे दिन उत्तराखण्ड सरकार के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बुधवार को अबू धाबी में विभिन्न औद्योगिक समूहों के साथ बैठक में 3550 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन किया गया। ICAI द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी उद्योग घरानों को आगामी 8 एवं 9 दिसम्बर को देहरादून में आयोजित होने वाले समिट के लिए निमंत्रण दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। एमओयू में लूलू ग्रुप के साथ रियल एस्टेट सेक्टर हेतु 1000 करोड़ रुपये, हायपर मार्केट के साथ हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में निवेश हेतु 500 करोड़ रुपये, फूड पार्क हेतु 250 करोड़ रुपये एवं एसीटी फैसिलिटिज मिडिल ईस्ट के साथ हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में 1500 करोड़ रुपये का एमओयू शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से जहां पिछले पांच वर्षों में करीब 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, वहीं दूसरी ओर 20 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं पर कार्य गतिमान है। उन्होंने कहा कि लंदन-बर्मिंघम और उसके बाद दिल्ली के रोड शो के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी उद्यमी, उत्तराखण्ड में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं। दिसंबर में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए उत्तराखंड सरकार ने 2.50 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, सचिव उद्योग विनय शंकय पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेत प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य एवं आईसीएआई के सदस्य मौजूद रहे।

विधायक शिव अरोरा ने सुनी जनसमस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विधानसभा रुद्रपुर के अलग अलग क्षेत्रो के लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे, जिसपर विधायक शिव अरोरा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया, जिसमे वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड , बिजली कनेक्शन, व रोड निर्माण हेतु जैसे विषय का समाधान किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा उनके कार्यालय पर लगातार जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों लोग समस्या को लेकर नियमित रूप से आते हैं, जिनपर गम्भीरता से सुनवाई करते हुए उनके समाधान का प्रयास किया जाता है, निश्चित रूप से हमारा प्रयास है कि रोजमर्रा के विषय पर आमजन को सरकारी विभागों मे न भटका पड़े। इस दौरान विधायक शिव अरोरा से अनेको समाजिक संगठन, धार्मिक संगठन के लोगो ने भी अपने अपने विषयो को लेकर भी मुलाकात की। कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, सुनील ठुकराल, मन्दीप वर्मा, राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, उमेश पसरीचा, विक्की वाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

फुटबॉल प्रतियोगिता में 13वीं वाहिनी लुधियाना प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के नार्थ जोन की अन्तर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन श्री सुदेश कुमार दराल, सेनानी, 15वीं वाहिनी द्वारा कैम्प परिसर में स्थित फुटबॉल मैदान में किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता 16 से 17 अक्टूबर तक आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों में तैनात 7वीं वाहिनी बठिंडा (पंजाब), 13वीं वाहिनी लुधियाना (पंजाब), 14वीं वाहिनी कांगडा (हिमाचल प्रदेश) एवं 15वीं वाहिनी गदरपुर के खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों द्वारा प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। विजेता व उपविजेता स्थानों के लिए 07वीं वाहिनी एवं 13वीं वाहिनी के मध्य फाईनल मैच खेला गया, मैच मे 13वीं वाहिनी विजेता रही। प्रतियोगिता की समाप्ति पर श्री सुदेश कुमार दराल, कमाण्डेंट, 15वीं वाहिनी द्वारा विजेता व उप-विजेता टीम को मेडल एवं ट्राफी से सम्मानित किया और साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त पदाधिकारियों की प्रशंसा कर प्रतियोगिता का विधिवत समापन की घोषणा की। इस प्रतियोगिता के दौरान श्री अनिल कुमार, द्वितीय कमान, डॉ. श्री शैलेश कुमार, सी.एम.ओ., श्री प्रवीण कुमार ओझा, असिस्टेंट कमांडेंट, श्री भूपेन्द्र कोटनाला, असिस्टेंट कमांडेंट (कार्यालय), श्री मनोज जोशी, असिस्टेंट कमांडेंट (अभियन्ता), एवं अन्य रेस्क्युअर उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल
DISASTER RESPONE FORC

वंदन अधिनियम से राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी महिलाएं: रश्मि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जो निर्णय लिया इससे महिलाएं राजनीतिक तौर पर सशक्त होंगी इससे 33 प्रतिशत महिलाओं को विधानसभा और संसद में पहुंचने का अवसर प्राप्त होगा। जिससे महिला जनप्रतिनिधि विधानसभा और संसद के महिलाओं के मुद्दों की प्रमुखता के साथ उठाने का काम करेंगे। यह बात भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी रश्मि रस्तोगी ने सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस बाजपुर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला काशीपुर की बैठक में नारी वंदन अभियान कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। इससे पूर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर जिला अध्यक्ष उमा जोशी, जिला प्रभारी रश्मि रस्तोगी, मेयर उषा चौधरी, पूर्व प्रदेश जिला मंत्री सीमा चौहान, सीमा सरकार, अनीता दुबे के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। नवरात्रि के पावन पर्व पर जिला अध्यक्ष उमा जोशी के द्वारा कहा गया नवरात्रि के पावन पर्व पर नारी शक्ति बंधन अधिनियम को लेकर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा मंडल बाजपुर में महिला सम्मेलन किया गया। जिसमें सभी वरिष्ठ बहने जनप्रतिनिधि महिला व समाज में अपनी विशेष भूमिका निभाने वाली करीब डेढ़ सौ महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी रश्मि रस्तोगी ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा नवरात्रि के पावन पर्व के मौके पर दुर्गा के नौ रूपों की पूजा हो रही है। ऐसे में भाजपा महिला मोर्चा पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में 30 अक्टूबर तक महिला सम्मेलन कर रहा है। मेयर उषा चौधरी ने कहा भाजपा महिला मोर्चा इन सम्मेलनों के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहा है। पूर्व भाजपा मंत्री सीमा चौहान ने कहा कि भाजपा समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दिशा में निरंतर काम कर रही है। वही दिनेशपुर अध्यक्ष सीमा सरकार ने कहा कि महिला घर की रसोई से लेकर एक जनप्रतिनिधि होने का दायित्व बहुत सरलता से निभा रही है। इसमें प्रधानमंत्री का विशेष योगदान है। भाजपा जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा लाभार्थी विद सेल्फी कार्यक्रम का बूथ स्तर पर भी आयोजन किया जाना है तथा बूथ स्तर पर लाभार्थी महिलाओं के साथ सेल्फी अपलोड करनी है। भाजपा के कार्यक्रम में आम जनमानस व विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है तथा समाज के अलग- अलग वर्गों से जो नव युवा व युवती मतदाता बने हैं उनसे कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा जिला काशीपुर स्तर पर काम कर रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व भाजपा नेत्री मीरा बिश्नोई, रीति नागर, राज दीपिका, सुधा शर्मा, मंजू यादव, कुलवीरी चौधरी, राजबाला चौहान, सोनिया कश्यप, पूनम ग्रोवर सहित जिला व मंडल की समस्त टीम मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट व कल्पना राणा ने किया।

मंदिरों में भक्तों ने पांचवे दिन की मां स्कंदमाता की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र पर्व के पांचवें दिन आज सभी मंदिरों में मां के भक्तों ने मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित कर परिवार के लिए सुख, समृद्धि, शांति, आपसी सौहार्द आदि की कामना की । इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयाजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल, रूद्रपुर के प्रांगण में सुबह प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय परिवार ने स्कूल के जु-जित्सू खिलाड़ियों द्वारा जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्त्वावधान में जी.डी. गोएनका पब्लिक स्कूल रूद्रपुर में अयोजित हुई जिला स्तरीय इंटर स्कूल जु-जित्सू चैंपियनशिप 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक एवं 6 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीतकर ओवरऑल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने पर एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया। खिलाडियों की उपलब्धि पर विद्यालय के चौयरमैन गुरनाम सिंह चावला, वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला, प्रिंसिपल ए.जे. बटसर, वाइस प्रिंसिपल साधना बटसर, एचओडी रघु रावत ने सभी खिलाड़ियों एवं विद्यालय के कराटे कोच सिहान ऋषि पाल भारती सहित विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही चेयरमैन सतनाम चावला ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। और कहा कि हमारे स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पढ़ाई के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्कूल के साथ-साथ रूद्रपुर व जनपद को गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। हमारी कोशिश है कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एक बेहतर प्लेटफार्म मिल सके और आने वाले भविष्य में स्कूल के विद्यार्थी अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। प्रधानाचार्य ए.जे. बटसर ने कहा कि विद्यालय के जुख्रजित्सू कोच ऋषि पाल भारती के दिशा निर्देशन प्रशिक्षण ले रहे छात्र निरंतर जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। जानकारी देते हुए एचओडी रघु रावत ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जनपद के 30 विद्यालयों से 204 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के जुजित्सू खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन का प्रतियोगिता में तृतीय श्रेणी प्राप्त की। प्रतियोगिता में सहजप्रीत कौर, जसगुन कौर, अनन्या आर्य, दक्ष मेवाड़ा ने स्वर्ण पदक। गौरव दास, आरुष बनियाल, सेहजप्रीत कौर, इनाया अली, बानी कोर ने रजत पदक, योआना भारद्वाज, तेजस ध्यानी, अनन्या चतुर्वेदी, आफिया अली, अंशारा अली, गुरुराज सिंह ने कांस्य पदक जीते। इस अवसर पर खेल शिक्षक मनोज अरोरा, अमन प्रसाद, कॉर्डिनेटर हेमलता मेर, शंकर सिंह अधिकारी, हरीश, विपुल, योगेश सहित अन्य विद्यालय स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

अराजकता फैलाने के तीन आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द को भंग कर अराजकता फैलाने वाले 03 आरोपियों को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार श्रीमति कविता पत्नी श्याम सिह निवासी जवाहर नगर बनभूलपुरा ने 10 अक्टूबर को वाद दर्ज कराया था कि 17 अक्टूबर को उसके देवर सुनील द्वारा अपना टैम्पू निकालने के दौरान जुनैद की मोटरसाइकिल गिर जाने पर जुनैद, नवी अहमद, मौ. जावेद पुत्र इन्तजार, फिरासत अली पुत्र स्व. आले नवी, मौ. आफताब पुत्र इन्तजार व फाजिल पुत्र अज्ञात द्वारा सुनील के साथ बुरी तरह से मारपीट करने के दौरान स्वंय को बचाने पर उनके कपडे फाडकर अभ्रदता किए जाने का आरोप लगाया था। नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। म.उ.नि. निधि शर्मा द्वारा मय पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही कर घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक किया गया। प्रकरण में चिन्हित किये गये आरोपी जावेद पुत्र इन्तजार हुसैन निवासी वार्ड 15 जवाहरनगर, फौजिल उर्फ फाजिल पुत्र लड्डन निवासी वार्ड 15 जवाहरनगर तथा जुनैद पुत्र इन्तजार निवासी वार्ड 15 जवाहरनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, उनि निधि शर्मा, कानि.भूपाल सिह थे।

कैकई भरत संवाद और भरत मिलाप का मंचन

गुलरभोज (उद संवाददाता)।तराई कला संगम श्री रामलीला कमेटी गूलरभोज संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा श्री राम -भील भेंट , कैकई भरत संवाद , भरत -मिलाप, की रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। पांचवें दिन की रामलीला के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र यादव, इंदर सिंह राठौड़, ओमप्रकाश डोगरा, तरुण दुबे, अशोक वर्मा, रामकिशन दहूजा, राकेश ठुकराल, मुख्तार सिंह, दीपक सिडाना, जितेंद्र कुमार, कालू रघुवंशी, वीरेंद्र आर्य, सोनू कुमार, कुंवर सिंह, अमित कुमार गुप्ता, सचिन दहूजा, धर्मवीर रघुवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

डोर टू डोर चलाया जन जागरूकता कार्यक्रम

गदरपुर (उद संवाददाता)।बुधवार को राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के एंटी ड्रग सेल के संचालन में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव रामजीवनपुर नंबर 2 में नशे के विरुद्ध जनसंपर्क (डोर टू डोर) जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसंपर्क के लिए एंटी ड्रग सेल के संयोजन द्वारा छात्र - छात्रा की दो टोली बनाई गई, प्रत्येक टोली में 10-10 छात्र- छात्रा को सम्मिलित किया गया। छात्र - छात्राओं द्वारा गांव में जाकर परिवार के सदस्यों से संपर्क कर उनको नशे के दुष्प्रभाव के बारे में नशे से होने वाली हानियों और नशा छुड़ाने के उपाय, अस्पताल नशा मुक्ति केंद्र के बारे में भी जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान फुरकान अली ने यह बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा कुछ नशेड़ियों को चिन्हित किया गया है, जैसे ही मैं इनके बारे में सही जानकारी प्राप्त कर लेता हूं तो एंटी ड्रग सेल की संयोजक को सूचित करुंगा। निम्नलिखित छात्राओं द्वारा डोर टू डोर जाकर ग्राम वासियों से संपर्क कर जागरूक किया गया। अंकित, विशाल, विकास, शशांक, पायल, नेहा, सीमा, अंजू, सिमरन, आदि सम्मिलित रहे। इस कार्यक्रम में समिति के संयोजक डॉक्टर श्रीहरि प्रसाद सदस्य डॉक्टर प्रमोद वर्मा एवं सुश्री तनुजा परिहार शिक्षणेत्तर कर्मचारी मनोज पनेरु भी उपस्थित रहे।

नकली सोना दिखाकर बैंक से ऋण लेने के मामले में मुकदमा दर्ज किया

गदरपुर। नकली सोना दिखाकर बैंक से ऋण लेने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगर के मुख्य बाजार में स्थित इंडिया इन्फोलाइन फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल) बैंक के शाखा प्रबंधक हेमंत कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि छह जुलाई को वार्ड नंबर 11 संजय नगर महतोष निवासी विश्वजीत मंडल ने बैंक में नकली स्वर्ण आभूषण रखकर ऋण के लिए आवेदन किया था। ऋण स्वीकृत होने के बाद बैंक में नियुक्त वैल्युवर स्वर्ण आभूषणों के नकली होने की जांच नहीं कर पाया, जिसके चलते बैंक ने विश्वजीत मंडल को धनराशि दे दी। तहरीर में आगे कहा गया कि कुछ समय बाद बैंक ने आभूषणों का नकली होना बताया । मामले की गंभीरता के चलते बैंक अधिकारियों ने जब विश्वजीत मंडल के माध्यम से अन्य लोगों को स्वर्ण आभूषण रखकर ऋण दिलवाने के आवेदनों की जांच की गई तो उसमें भी कई खामियां नजर आई। विश्वजीत मंडल ने अपने अन्य साथियों के माध्यम से भी बैंक में नकली स्वर्ण आभूषण रखकर ऋण स्वीकृत करवाया गया था।तहरीर के आधार पर पुलिस ने विश्वजीत मंडल के खिलाफ धारा 420 धोखाधड़ी में केस दर्ज कर लिया है।

पंडित तिवारी को याद किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकास पुरुष स्व. नारायण दत्त तिवारी की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र पाल के नेतृत्व में नारायण दत्त तिवारी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान राजेन्द्र पाल ने कहा कि स्व. नारायण दत्त तिवारी जी का उत्तराखंड राज्य के सर्वांगीण विकास में अहम योगदान रहा है। इनके द्वारा किये गये विकास कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, ग्राम प्रधान शराफत मंसूरी, शैलेन्द्र शर्मा, राजेश बाबा, अजय गाबा, गुरमुख सिंह, किशन खेड़ा, विजय गुंबर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

राम भरत मिलन की लीला देख दर्शकों के छलके आंसू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला में राम केवट संवाद तथा राम भरत मिलन की लीला का मंचन किया गया। विधि का विधान देखिए जिनका राज तिलक होना था उन्हें चौदह वर्षो का वनवास हो गया और जो अपने को भगवान श्री राम का दास कहते थे ऐसे भरत जी को राजगद्दी का वरदान मांग लिया गया। राम चले वनवास ऐ जी कोई रोको भाई।आगे आगे राम चलत है पीछे लक्ष्मण भाईष्श्री राम वन गमन के समय भरत एवम शत्रुघ्न अयोध्या में नहीं थे। अपनी ननिहाल से जब भरत जी लौट कर आए और उन्होंने अपनी माता के मांगे हुए दोनो वरदानों को सुना, तो दोनो भाई बहुत ही दुखी और क्रोधित होते हैं और दासी मंथरा को लात मार कर महल से निकाल देते हैं और माता कैकई पर भी अपना क्रोध दिखाते हैं। व्रतांत का सुंदर वर्णन व्यास जी पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा श्री राम लीला ग्राउंड में कराया गया। भरत जी राजसी वस्त्र एवम महलों को छोड़ कर भ्राता राम के पास वन में पहुंच जाते हैं, और अपनी माता को तरफ से माफी मांगते हुए वन से अयोध्या लौटने को कहते हैं। पर श्री राम फिर अपने पिता राजा दशरथ के वचनों का जिक्र करके कहते हैं रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाई बरु वचन न जाई।इस पर भरत जी कहते हैं ठीक है भ्राता राम, मैं वापस जाता हूं पर चौदह वर्ष मैं भी राजमहल और राजसी सुख त्याग एक तपस्वी की तरह अयोध्या के बाहर ही कुटिया बना कर रहूंगा और आपकी प्रतीक्षा करूंगा। भरत जी आज्ञा पा कर श्री राम की खड़ाऊ अपने सिर पर धारण कर के अयोध्या वापस चल पड़ते हैं और पूरे 14 वर्ष तक अयोध्या के बाहर कुटिया बनाकर और सिंहासन पर खड़ाऊ रख कर,एक तपस्वी की तरह भाई राम की प्रतीक्षा करते हैं। ऐसा महान व्यक्तित्व था भरत जी का। श्री राम वन में आगे बढ़ते हैं, और गंगा नदी पार कराने के लिए केवट से आग्रह करते हैं, केवट कहता है कि राजा जी आपके चरण के स्पर्श मात्र से एक पाषाण का टुकड़ा अहिल्या बन गया तो यह तो मेरे लकड़ी की नाव है, पता नहीं क्या होगा, पहले आप मेरे सिर पर हाथ रखो फिर मैं आपके चरणों को धोऊंगा, तभी अपनी नाव से गंगा पार कराऊंगा। भगवान श्री राम मुस्कुराते हैं, और केवट की मंशा को समझ कर के सिर पर हाथ रख कर चरण धुलवाते हैं,जिसके सिर पर राघवेंद्र सरकार खुद हांथ रख दें,वह प्राणी तो वैसे ही भव सागर से पार हो गया। केवट की इच्छा पूर्ण होती है। केवट अपनी नाव से श्री राम सीता एवम लक्ष्मण जी को गंगा जी के पार ले कर जाता है। माता सीता कहती हैं केवट नाव उतराई में यह मुद्रिका रख लो, केवट रो पड़ता है और कहता है माता मैं आपसे यह मुद्रिका नहीं ले सकता। मेरी उतराई आप के पास उधार रही।आज आप मेरे पास इस नदी को पार करने के लिए आए हैं, प्रभु मेरी उतराई में जब मैं आपके पास आऊं तो आप मुझे भव सागर के पार लगा देना। रात्रि लीला में श्री राम जन्म एवम ताड़का वध का मंचन हुआ।संचालन समिति के सदस्य प्रेम गुप्ता तथा विनीत अग्रवाल ने बताया कि आज अगस्त मुनि आगमन, पंचवटी तथा सूर्पनखा नासिका छेदन की लीला का मंचन होगा तथा रात्रि लीला में धनुष यज्ञ एवम श्रीराम सीता स्वयंवर का मंचन होगा।

यह राज राम का है, राम का ही रहेगा मां

मुख्य अतिथि सामाजसेवी एवं ट्रांसपोर्ट, उद्योग तथा रियल इस्टेट क्षेत्र के प्रमुख उद्यमी हरीश मुंजाल का पदाधिकारियों ने किया स्वागत, राम भरत मिलाप का करूणामयी मंचन देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस अड्डे वाली रामलीला में बुधवार को मंत्री द्वारा भरत एवं शत्रुघन को उनकी ननिहाल से बुलाकर अयोध्या लाने, अयोध्या आनें पर मातम पसरा देख उन्हें अनहोनी की आशंका सतानें, माता कैकई द्वारा बहाने बनाकर बहलानें, पिता दशरथ की मृत्यु एवं राम वनवास की खबर सुनकर उनका कैकई को तानें देना, भरत का राम से मिलनें वनो को दौड़ जाना, लक्ष्मण का भरत को चेतावनी देना, भरत राम संवाद, भरत का खड़ांउ लेकर वापस अयोध्या आनें का दृश्य मंचन हुआ। आज दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि क्षेत्र में अपने सरल सहज स्वभाव, सामाजिक कार्यों के साथ ही ट्रांसपोर्ट, उद्योग तथा रियल इस्टेट क्षेत्र के सशक्त हस्ताक्षर की पहचान बनाने वाले आर एस लोजिस्टिक, आर एस एग्रो सीड्स, सितारगंज फाईबर्स लिमिटेड, आर एस इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड के स्वामी हरीश मुंजाल थे। श्री रामलीला कमेटी नें श्री मुंजाल द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक सस्थाओं को निरंतर सहयोग के लिये हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर एवं श्री गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। प्रथम दृश्य में अयोध्या का दूत भरत के ननिहाल पहुंचता है और उन्हें वापस अयोध्या लिवा लाता है। अयोध्या पहुंचकर भरत को अपने पिता दशरथ की आकस्मिक मृत्यु का समाचार मिलता है। जब वह राम के बारे में पूछते हैं तो केकई उन्हें बताती है कि उसने तुम्हारे लिए राजपाट तथा राम के लिए 14 वर्षों का बनवास मांगा था, इसलिए राम वनों में चले गए हैं। भरत को अपने बड़े भाई भगवान राम के साथ घटित हुई इस घटना के बारे में पता चला. उनके ऊपर मानो दुखों का पहाड़ ही टूट पड़ा हो क्योंकि एक ओर पिता की अकस्मात मृत्यु हो गयी, तो दूसरी ओर जहाँ ये आशा थी कि पिता की मृत्यु के बाद पिता समान बड़े भाई राम की छत्रछाया में रहने की शांति भी उनसे छिन चुकी थी। वो माता केकई को हजार ताने देते हैं तथा भाई शत्रुघ्न व सभी माताओं सहित वनों को रवाना होते हैं। भरत को सेना सहित आते देख वनभील यह समाचार राम लक्ष्मण को देते हैं। समाचार सुनकर लक्ष्मणजी बहुत क्रोधित हो जाते हैं और प्रभु श्री राम से कहते हैं कि "जैसी माता, वैसा पुत्र". राजकुमार भरत अपनी सेना के साथ आप पर बड़े भाई राम पर हमला करने आ रहे हैं। तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मणजी को समझाते हुए कहते हैं कि "शांत हो जाओ लक्ष्मण, भरत ऐसा नहीं हैं, उसके विचार बहुत ही उच्च हैं और उसका चरित्र बहुत ही अच्छा हैं, बल्कि वो तो स्वप्न में भी अपने भाई के साथ ऐसा कुछ नहीं कर सकता". इस पर भी लक्ष्मणजी का क्रोध शांत नहीं होता और वे कहते हैं कि राजकुमार भरत अपने उद्देश्य में कभी सफल नहीं होंगे और जब तक लक्ष्मण जीवित हैं, ऐसा नहीं होगा। जैसे ही राजकुमार भरत अपने बड़े भाई श्री राम को देखते हैं, वे उनके पैरों में गिर जाते हैं और उन्हें दण्डवत प्रणाम करते हैं, साथ ही साथ उनकी आँखों से अविरल अश्रुधारा बहती हैं. भगवान राम भी दौड़ कर उन्हें ऊपर उठाते हैं और अपने गले से लगा लेते हैं, दोनों ही भाई आपस में मिलकर भाव विव्हल हो उठते हैं, अश्रुधारा रुकने का नाम ही नहीं लेती और ये दृश्य देखकर वहाँ उपस्थित सभी लोग भी भावुक हो जाते हैं. तब राजकुमार भरत पिता महाराज दशरथ की मृत्यु का समाचार बड़े भाई श्री राम को देते हैं और इस कारण श्री राम, माता सीता और छोटा भाई लक्ष्मण बहुत दुखी होते हैं। राजकुमार भरत कहते हैं कि वह वन में ही राज्याभिषेक करके उन्हें वापस अयोध्या ले जाने के लिए आए हैं और अयोध्या की राज्य काज संसभी इस विचार का समर्थन करते हैं. परन्तु श्री राम ऐसा करने से मना कर देते हैं, वे अयोध्या लौटने को सहमत नहीं होते क्योंकि वे अपने पिता को दिए वचन के कारण बंध हुए हैं. राजकुमार भरत, माताएँ और अन्य सभी लोग भगवान राम को इसके लिए मनाते हैं, परन्तु वचन बद्ध होने के कारण भगवान श्री राम ऐसा करने से मना कर देते हैं. तब राजकुमार भरत बड़े ही दुखी मन से अयोध्या वापस लौटने के लिए प्रस्थान करने की तैयारी करते हैं, परन्तु प्रस्थान से पूर्व वे अपने भैया राम से कहते हैं कि "अयोध्या पर केवल श्री राम का ही अधिकार हैं और केवल वनवास के 14 वर्षों की समय अवधि तक ही मैं भरत उनके राज्य का कार्यभार संभालूँगा और इस कार्य भार को सँभालने के लिए आप श्री राम मुझे आपकी चरण ख्र पादुकाएं मुझे दे दीजिये, मैं इन्हें ही सिंहासन पर रखकर, आपको महाराज मानकर, आपके प्रतिनिधि के रूप में 14 वर्षों तक राज्य काज चलाऊंगा। भगवान श्री राम भी अपने छोटे भाई भरत का अपार प्रेम, समर्पण, सेवा भावना और कर्तव्य परायणता देखकर उन्हें अत्यंत ही प्रेम के साथ अपने गले से लगा लेते हैं. वे अपने छोटे भाई राजकुमार भरत को अपनी चरण पादुकाएं देते हैं। चरण पादुकाओं को बड़े ही सम्मान के साथ अपने सिर पर रखकर बहुत ही दुखी मन से अयोध्या की ओर प्रस्थान करते हैं. अन्य सभी परिवार जन भी एक ख्र दूसरे से बड़े ही दुखी मन से विदा लेते हैं। लीला में राम– मनोज अरोरा, भरत का किरदार पुलकित बांबा, लक्ष्मण– गौरव जग्गा, सीताजी– दीपक अग्रवाल, गणेश भगवान– आशीष ग्रोवर आशु, राजा केके– अनिल तनेजा, सुमन्त– सचिन आनन्द, केकई संजीव आनंद, कौशल्या– नरेश छाबड़ा, सुमित्रा का किरदार हर्ष अरोरा नें निभाया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक विधायक तिलक राज बेहड़ , वीना बेहड़ , अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, सुशील गाबा, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृश्ण बत्रा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, चन्द्र सचदेवा, संदीप धीर, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृश्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाश तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, पुलकित बांबा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्ढा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुश धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्श अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरूराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुश्मान सुशील गाबा, बलवंत अरोरा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, दिव्यांश गोयल, कनव गंभीर, महेश गर्ग, संजीव कामरा, राजकुमार नारंग, आयुश्मान सुशील गाबा आदि उपस्थित थे।

राम भरत मिलाप का मंचन देख श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी में श्री राम जी की लीला का मंचन धूमधाम से किया जा रहा है। बुधवार को सर्वप्रथम सभी कलाकारों द्वारा प्रार्थना एवं श्री गणेश वंदना की। तत्पश्चात भरत कौशल्या संवाद, दुम्बक दुंबा और भरत मिलाप का मंचन किया गया। श्री राम की भूमिका में निर्देशक अशोक पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में रोहित पोपली, सीता की भूमिका में गुलशन शर्मा, भरत की भूमिका में सागर कालड़ा, गुह निषाद जगदीश भुड्डी, प्रवीण गिल्लहोत्रा, अमन गाबा, अरविंद पाल, अभिषेक सक्सेना एवम अन्य कलाकारों ने दृश्य में रहकर चार चांद लगाए। इस अवसर पहुंचे जिला काशीपुर के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, गदरपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, गदरपुर विधानसभा सोशल मीडिया सैयोजक कपिल गंडा, बहन मुस्कान छाबड़ा और भारत विकास परिषद् के सभी पदाधिकारियों का श्री रामलीला अध्यक्ष रवींद्र बजाज ने मंच पर बुलाकर सम्मान किया एवम श्री रामलीला देखने पहुंचे हजारों की तादात में श्रद्धालुओं का भी अध्यक्ष रवींद्र बजाज ने आभार प्रकट किया और बताया की दर्शकों की वजह से ही कलाकारों का हौसला बढ़ता है । जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी श्री रामलीला कमेटी द्वारा मिले सम्मान का धन्यवाद किया और कलाकारों का भी उत्साह वर्धन किया और पधारे हजारों श्रद्धालुओं को भी श्री राम जी की लीला का महत्व बताया और साथ ही यह बताया कि प्रभु श्री राम जी के सुंदर चरित्र से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और अगर हम उनके चरित्र के एक भाग को भी अपनाते हैं तो भी हमारा उद्धार है। इस बीच श्री राम नाट्य कला परिषद के सभी पदाधिकारी एवम कलाकार, श्री रामलीला अनाज मंडी की समस्त कमेटी एवम हजारों की तादात में पधारे श्रद्धालु इस शुभ अवसर के साक्षी बने।

मुस्कान और तनिषा को रामलीला कमेटी ने किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी गदरपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए भाषण देने वाली मुस्कान चावला व जी20 प्रेसीडेंसी ऑफ इंडिया के अंतर्गत ऋषिकेश में आयोजित जी20 कंसल्टेशन में उधम सिंह नगर जिले का प्रतिनिधित्व तथा राज्य युवा स्तरीय उत्सव देहरादून में उधम सिंह नगर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली तनीषा चावला को श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष रविंद्र बजाज,सचिव अशोक धीर,कोषाध्यक्ष कृष्णा अनेजा, संरक्षक श्याम सुंदर कालड़ा व सोमनाथ छाबड़ा द्वारा स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन कर रहे राजेश अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली व विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है। मुस्कान चावला ने अपने संबोधन में रामलीला कमेटी का धन्यवाद करते हुए मालवीय जी के विचारों को सांझा किया व प्रभु श्री राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी दर्शकों से श्री राम जी के आदर्श को अपनाने का आवाहन किया उन्होंने कहा,ईश्वर ही सत्य है और सत्य के मार्ग को बताने वाला सनातन धर्म भी सत्य है व सनातन जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी अंत नहीं होगा साथ ही साथ सभी को अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करने का आवाहन किया। तनीषा चावला ने कहा कि कितने ही वर्षों से रामलीला मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के विचारों और चरित्र को समझाने और समझने का एक अनूठा प्रयास रहा है, यहां विभिन्न कलाकार अपनी कला को प्रदर्शित करते हुए रामायण के सभी पात्रों को पूर्णत: निभाने का प्रयास करते हैं।इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रमोद बजाज व रामलीला कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य व भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

शूर्पनखा की कटी नाक,खर दूषण का हुआ वध

आज होगा सीता हरण,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल करेंगे साधु रावण का अभिनय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के आठवें दिन शुभारंभ उत्तराखंड भा.ज.पा. ओ.बी.सी. मोर्चा के उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी एवं ओम बापू मशीनरी के स्वामी हरीश गुंबर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उनके साथ विशाल गुंबर, आशू गुंबर, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री हरीश अरोरा एवं पवन गाबा "पल्ली" भी उपस्थित थे। श्री रामलीला मंचन में स्वरूपनखा का पंचवटी में प्रवेश होता है जिसमे वो श्री राम एवं लक्ष्मणको रिझाने का प्रयास करती है, सफल ना होने पर सीता को हानि पहुंचाने की चेष्टा करती है इस पर लक्ष्मण द्वारा स्वरूपनखा के नाक और कान काट लिए जाते हैं, स्वरूपनाखा अपने भाई खर और दूषण के पास जाती है , उनका प्रभु श्री राम से भीषण युद्ध होता है, श्री राम द्वारा खर दूषण का वध किया जाता है, स्वरूपनखा रावण के पास पहुंचती है और उसको इस घटना की बारे में बताती है, रावण इस आशय को समझ कर की विष्णु भगवान का अवतार धरती पर हो चुका है जो उसको तीसरे श्राप से मुक्ति दिलाएगा , वो मारीच के पास जाने का सोचता है जिससे कि सीता माता का हरण कर सके दर्शकों द्वारा स्वरूपनखा की भूमिका को बहुत सराहा गया । विशेष भूमिका स्वरूपनखा गर्व गुलाटी,राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,खर विजय परुथी, दूषण बिट्टू अरोड़ा, रावण अंशुल गुलाटी ने निभाई।मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जदीश सुखीजा ने बताया कि रामलीला में आज रात्रि सीता हरण के दृश्य में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल साधु रावण का अभिनय करेंगे। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, नरेश शर्मा , सूरज प्रकाश सुखीजा, चिमन लाल ठुकराल, राजकुमार परुथी, रमेश गुलाटी, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, निर्देशक नरेश घई, जीतू गुलाटी, सन्नी घई, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, अक्षित छाबड़ा, गौरव गांधी , प्रवीण बत्रा, विशाल गुंबर, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, विशांत भसीन, मनीष अग्रवाल ,राजीव झाम, राहुल अरोरा,अमर परुथी, अनमोल अरोरा, चिराग जुनेजा, हरीश जुनेजा, राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला,बंटी मुंजाल, नैतिक तनेजा, अनमोल घई,चेतन खनिजो, राकेश तनेजा आदि उपस्थित थे।

दिल वाली पालकी विच तेनूं मां बैठाना है,चल मेरे नाल तेनूं घर लेके जाना है

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन शारदीय नवरात्र के चौथे दिवस पर गत रात्रि श्री दुर्गा मंदिर में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें भक्त गायक कलाकार द्वारा गाये गये मां के भजनों को सुनते हुए भक्त जन भक्ति में झूमते रहे। इससे पूर्व पं. नवीन मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई । जजमान के रूप में रमन फुटेला, सारथी फुटेला, सर्वेश फुटेला, वृंदा फुटेला व उनके परिजन शामिल हुए। जिसके पश्चात दिल्ली से आये भजन गायक रितेश मनोचा ने मां के कई भजन सुनाकर मौजूद भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने गुरू वंदना, सरस्वती वंदना के साथ भजन की लड़ियां प्रारम्भ कीं। उन्होंने मां का आव्हान, गणेश वंदना के बाद फूलों की वर्षा के साथ देवी देवताओं का दरबार में स्वागत किया। उन्होंने दिल वाली पालकी विच तेनूं मां बैठाना है, चल मेरे नाल तेनूं घर लेके जाना है, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, देदे मेनूं दातिए मंदिर दा कौना के साथ ही श्री बाला जी महाराज के भजन सुनाये। इस दौरान मौजूद सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर सन्नी, किशन नारंग, दिव्येन्द्र कुकरेती, नीलम गुलाटी, संजय जुनेजा, मनोज मदान, प्रवीन गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पवन गावा, आशा गाबा सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। इस दौरान भक्तों ने केक काटकर मंजू बब्बर का धूमधाम से जन्म दिन भी मनाया।

सालासर धाम और खाटू धाम के दर्शन कर लौटा जत्था

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पिछले दिनों आदर्श कालोनी में आयोजित द्वितीय विशाल श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर बाबा भक्त मंडल मण्डल के पदाधिकारियों ने श्री सालासर बालाजी धाम और खाटू दरबार पहुंचकर बालाजा जी महाराज और श्याम बाबा का आभार जताया और आशीर्वाद लिया। बाबा भक्त मण्डल का जत्था रविवार की रात्रि मेहंदीपुर सालासर और खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुआ था। श्रद्धालुओं के इस दल ने सालासर बालाजी धाम में दर्शन किये और विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा को प्रसाद अर्पित किया। उसके बाद खाटू दरबार में भी हाजिरी लगायी और पूजा अर्चना कर बाबा का आभार व्यक्त किया। और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मंगलवार सुबह दर्शन करके जत्था वापस रूद्रपुर लौट आया। धार्मिक यात्रा में जाने वालों में बाबा भक्त मंडल अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा, कोषाध्यक्ष शिवम तागरा, उपाध्यक्ष सुमित सहगल, सरपरस्त भुवनेश्वर अरोरा आदि थे।

श्री राम की लीलाओं से ग्रहण करें शिक्षा: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रभु श्री राम की लीलाओं को देखने के साथ सभी को श्री राम के आचरण, व्यवहार, कर्तव्य, बड़ो का आदर, मर्यादाओं का पालन को अपने जीवन में समाहित करना होगा। तभी रामलीला मंचन देखने का वास्तविक अर्थ पूरा होगा। यह बात भाजपा चुनाव प्रबन्ध समिति के प्रदेश सह संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने गत रात्रि श्री हनुमान देवी जागरण मंडल द्वारा किच्छा रोड़, रम्पुरा रामलीला मैदान में आयोजित प्रभु श्री राम की लीला के चौथे दिन की लीला मंचन का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित सैकड़ों भक्तों को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्री चुघ के साथ अति विशिष्ठ अतिथि एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, समाजसेवी ललित गोयल,कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी विजय भूषण गर्ग का माल्यार्पण कर एवं पटका पहनाकर श्री राम के जयघोषों के साथ जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि भारत भूषण चुघ ने दीप प्रज्वलन के साथ श्री राम परिवार की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि श्री राम ने अपने जीवन में एक पुत्र के रूप में माता पिता का सम्मान करते हुए उनकी हर आज्ञा का पालन किया तो वहीं एक राजा के रूप में अपने कर्तव्यों से कभी भी समझौता नहीं किया। श्री चुघ ने कहा कि श्री राम ने पति के रूप में भी पारिवारिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया तो युद्ध क्षेत्र में धर्म का पालन भी करते रहे। उन्होंने कहा कि श्री राम के जीवन का हर क्षण किसी न किसी रूप में हमें शिक्षा प्रदान करता है। हमें प्रभु राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतरकर उसके अनुसार कार्य करना चाहिए। प्रभु श्री राम की लीला का मंचन वृंदावन मथुरा की प्रसिद्ध रास पार्टी राधा रसिक बिहारी लाल संस्था द्वारा मंचित किया जा रहा है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रघुवर दयाल गुप्ता, उपाध्यक्ष जगदीश श्रीवास्तव, महामंत्र गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विनोद मिश्रा सहित विनोद वर्मा, दीपक राणा, अमित गौड, विजय गुप्ता, रवि गुप्ता, राजेश गुप्ता, विपिन शर्मा, राम किशोर रस्तोगी, अजय श्रीवास्तव, सन्तोष दिवाकर, देवेन्द्र मिश्रा, धर्मदास पाल, रतन लाल पाल, अजय गुप्ता, राहुल मिश्रा, रवि भारती, अंकित चन्द्रा, आनन्द सिंह नेगी, मुकेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

दशरथ बन शैलेन्द्र मिश्रा ने दर्शकों को किया भावुक

पंतनगर (उद संवाददाता)।श्री रामलीला का मंचन हल्दी परिसर में पिछले लगभग 50 वर्षों से होता रहा है। मंगलवार को श्रीरामलीला मंचन का शुभारम्भ अतिथि पुरुषोत्तम चौहान एवं दीपक पाण्डे द्वारा किया गया था, मंगलवार के मंचन में मंथरा कैकई संवाद, दशरथ प्रतिज्ञा पालन एवं राम वनवास के दृश्यों का मंचन किया गया था। राम की भूमिका में प्रमेंद्र मिश्रा, लक्ष्मण की भूमिका में रवि पटेल, दशरथ की भूमिका में शैलेन्द्र मिश्रा, मंथरा की भूमिका में शिवचन्द्र (बिल्लू), कैकई की भूमिका में संजू पाण्डे ने अभिनय किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के संरक्षक केशभान दूबे, सुदामा पटेल, पूरन सिंह भण्डारी, संयोजक आशीष ढांडा, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र मिश्रा, महामंत्री अनिल यादव, संयुक्त सचिव शोभित सक्सेना, पवन दूबे, मंत्री नेत्रपाल सिंह, शिवम कालिया, रवि कुमार, हरेराम राय, कोषाध्यक्ष विष्णु राय, उप कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, विनोद कुमार, निर्देशक शैलेन्द्र मिश्रा, सुनील कुमार, मंच निर्देशक प्रभाकर पाण्डे, धर्मेन्द्र मिश्रा, सुरक्षाधिकारी नीरज रावत आदि लोग उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

अस्पताल में बमबारी

इजरायल पर हमास के हमले के बाद युद्ध की जटिल होती तस्वीर में अब गाजा पट्टी में जैसे हालात पैदा हो गए हैं, वह समूची दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। विडंबना यह है कि युद्ध में शामिल सभी पक्ष बढ़-चढ़ कर दावा यही करते हैं कि वे इंसानियत को बचाने के लिए दुश्मन से लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सच यह है कि किसी भी पक्ष के हमले में आम लोग मरते हैं और सबसे ज्यादा नुकसान मानवता को ही पहुंचता है। मंगलवार को गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर जैसा हमला हुआ, उसकी आशंका किसी को नहीं थी, क्योंकि अस्पतालों को युद्ध के सबसे विकट समय में भी एक सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। गौरतलब है कि गाजा सिटी के अल-अहली अरब बैप्टिस्ट अस्पताल पर राकेट से हुए हमले में कम से कम पांच सौ लोगों के मारे जाने की खबर आई। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह हमला किसने किया, लेकिन जब इस मामले ने तूल पकड़ लिया, तब इजरायल ने इसमें अपना हाथ होने से इनकार किया और इसके लिए गाजा पट्टी में छिप कर वार कर रहे हमास को जिम्मेवार ठहराया। इससे पहले हमास और फलिस्तीनी प्रशासन ने इस हमले का सीधा आरोप इजराइल पर लगाया था। सवाल है कि गाजा पट्टी में अस्पताल पर हुए हमले में पांच सौ से ज्यादा लोगों को क्यों मार डाला गया? उनका क्या दोष था? यह सवाल किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को परेशान करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि इस हमले में शामिल लोगों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। त्रासदी यह है कि इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए ताजा टकराव के बाद दोनों पक्षों के हमले में आमतौर पर निर्दोष नागरिक ही मारे जा रहे हैं, लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। अब तक इस जंग में लगभग पांच हजार लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन गाजा सिटी में अस्पताल पर हुए हमले ने सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर युद्ध में शामिल सभी पक्षों का मकसद क्या होता है! इस हमले के बाद ये सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या इसे युद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा जाएगा। दरअसल, युद्ध अपराध एक संगीन आरोप माना जाता है और ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय कानून काम करता है। हालांकि इसकी जांच करना और वास्तविक अपराधियों को सजा दिलाना एक जटिल काम रहा है, फिर भी गाजा पट्टी में अस्पताल पर हमले के लिए जिसे भी जिम्मेदार माना जाएगा, उस पर अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध का आरोप लग सकता है। इजराइल पर हमास के हमले के बाद जारी युद्ध में दोनों पक्षों पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रखने के आरोप लगे हैं और संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह इसकी जांच कर रहा है। छोटे विवाद से लेकर बड़े स्तर पर जंग की स्थिति में जेनेवा सम्मेलन के तहत न केवल अपने पक्ष के, बल्कि विरोधी सेनाओं के बीमारों, घायलों और कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार और उनके इलाज का नियम बनाया गया है। मगर इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में आम लोगों पर हमले से लेकर गाजा पट्टी में एक बड़ा इलाका खाली कराने, जीवन से संबंधित जरूरी चीजों को बाधित करने जैसी घटनाएं सामने आई हैं, वे यही बताती हैं कि सभ्य होने का दावा करती दुनिया में भी युद्ध के दौरान नियम-कायदों का ध्यान रखना शायद किसी के लिए प्राथमिक दायित्व नहीं होता। इसकी कीमत उन लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है, जो पूरी तरह निर्दोष होते हैं।

पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीवान सतवाल ने कपिलेश्वर बानड़देवी पम्पिंग योजना से 24 घन्टे के भीतर पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं होने पर अधिशासी अभियंता जल संस्थान अल्मोड़ा के कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला महामंत्री दीवान सतवाल ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा सरकार में लगातार एक ओर जनकल्याणकारी योजनाए काटी जा रही है वहीं लमगड़ा ब्लॉक के चार दर्जन गांवों की प्यास बुझाने वाली कपिलेश्वर बानड़देवी पंपिंग पेयजल योजना पंप खराबी के कारण बंद पड़ी है। सतवाल ने कहा कि पानी सबसे महत्वपूर्ण होता है और शासन प्रशासन की लापरवाही ने लोगों को फिर नौलों गढेरों की ओर जाने में मजबूर कर दिया है।कई गांव में घोड़ों से पानी ढुलान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जानकारी जिलाधिकारी अल्मोड़ा को दे दी गई है साथ ही विभागीय अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी गई है।सतवाल ने कहा कि पम्पिंग योजना की अब इन दोनों मोटरों की मरम्मत से काम चलने वाला नहीं है।विभाग तत्काल नई मोटर लाकर बदलने का कार्य करें ताकि जो समस्या बनी हुई है उसका समाधान हो सके।उन्होंने कहा कि 24 घंटे के अंदर अगर पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं होती है तो वह अधिशासी अभियंता जल संस्थान अल्मोड़ा कार्यालय में अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। सतवाल ने यह भी कहा कि तत्काल में विभाग द्वारा इस पूरे क्षेत्र में टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनता को हो रही पेयजल समस्या पर वे मौन नहीं बैठेंगे

बहुद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर 27 को

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में 27 अक्टूबर,को प्रात 10बजे से एक बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज लमगड़ा में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।उन्होंने बताया कि इस शिविर में जनपद के वनचिकित्सा, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, पशु चिकित्सा, जिला पूर्ति विभाग, ग्राम विकास अभिकरण, जिला पंचायत राज विभाग, उद्योग, लोनिवि, विद्युत, उरेडा, पर्यटन, सैन्य कल्याण, मत्स्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल संस्थान आदि विभागों के विभागीय स्टॉल भी लगाये जायेंगे तथा इन विभागों के अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी भी देंगे तथा जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में चिकित्सीय परीक्षण के साथसाथ ऑखों की जॉच नि:शुल्क की जायेगी।

विद्युत चोरी में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी नरेश कुमार पुत्र रामचंद्र पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया।

आपदा न्यूनीकरण से कराए जा रहे कार्यों का सचिव ने किया नि रीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।सचिव उत्तराखंड शासन विनोद कुमार सुमन ने जनपद अल्मोड़ा में आपदा न्यूनीकरण से कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से करने के दिशा निर्देश दिए। सचिव विनोद कुमार सुमन ने सर्वप्रथम दुगाल खोला पहुंचकर सिंचाई विभाग के माध्यम से कराए जा रहे नगर के ड्रेनेज प्लान के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त कीअधिशाषी अभियंता सिंचाई खंड अल्मोड़ा मोहन सिंह रावत ने बताया कि अल्मोड़ा नगर के बेहतर ड्रेनेज प्लान में प्रथम चरण में 39 नालों पर कार्य किया जा रहा है तत्पश्चात उन्होंनेएनटीडी में पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सालय पहुंचकर एबीसीएनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यहां मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ उदय शंकर ने इस संबंध में सचिव विनोद कुमार सुमन जो विस्तृत जानकारी दीइस दौरान परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, ईओ नगरपालिका भरत त्रिपाठी, तहसीलदार दलीप सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मेडल जीतकर लौटे भूपेन्द्र का किया स्वागत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। खटीमा के होनहार छात्र भूपेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा नॉर्थ जोन खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। लगातार कई वर्षों से इस खेल की तैयारी कर रहे भूपेंद्र सिंह रुद्रपुर स्टेडियम में इसका अभ्यास करते हैं। इससे पूर्व उन्होंने कई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल हासिल किये हैं। नार्थ जोन प्रतियोगिता में ट्रिपल जंप में सिल्वर मेडल प्राप्त करने के बाद खटीमा पहुंचने पर खटीमा वासियों ने मंडी समिति सभागार में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नंदन सिंह खडयात, बलदेव गड कोटी संजय खोलिया बलदेव रावत, हरीश ठकुराठी, सुरेंद्र मेहरा,हरीश जोशी देवेंद्र भट्ट आदि कई लोग उपस्थित थे।

टांडा रेंज के वन क्षेत्र में अतिक्रमण और मदरसे पर चला बुलडोजर

वन विभाग ने एक एकड़ वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वन विभाग का बुलडोजर बुधवार को कुमाऊं की तराई के केंद्रीय वन मंडल की टांडा रेंज में गरजा। वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के अभियान की चपेट में इस बार गुज्जरों के ठिकाने और वहां बना दिया गया मदरसा आया है। वन विभाग को शिकायत मिली थी कि बाहरी राज्यों के गुज्जर इस वन क्षेत्र में अवैध रूप से बसे हैं और उन्होंने अनधिकृत रूप से मदरसा बना दिया है। वन विभाग के बुलडोजर ने सभी कब्जों को ध्वस्त कर दिया है। अभियान के नोडल अधिकारी डॉ.पराग मधुकर धकाते के मुताबिक, तराई क्षेत्र के टांडा रेंज में अतिक्रमण को लेकर मीडिया में आई खबरों को मुख्यमंत्री कार्यालय और गृह विभाग ने गंभीरता से लिया। जिला प्रशासन ऊधमसिंह नगर और तराई सेंट्रल फॉरेस्ट डिवीजन के अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में यह अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। वहां एक एकड़ वन भूमि पर बने धार्मिक अतिक्रमण को हटा दिया गया। यहां अवैध रूप से मदरसा बनाया गया था। इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। डॉ.धकाते ने बताया कि पूर्व में भी यहां से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे, लेकिन नियमानुसार जंगल की जमीन को खाली नहीं किया गया। इसलिए आज सख्त कार्रवाई को बाध्य होना पड़ा। उन्होंने बताया कि जंगल में किसी भी प्रकार का धार्मिक स्थल बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। यदि कोई बनाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे मामलों में विभागीय अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। हाईकोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय राज मार्गो के किनारे फॉरेस्ट लैंड से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करके ही अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा और कोई भी धार्मिक चिन्ह जंगल में नही बनने दिया जाएगा।

बाल आश्रय गृह का किया निरीक्षण

बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद स्तर पर गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल अधिकारी सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद एवं चाईल्ड वेलफेयर ऑफिसर थानाध्यक्ष महिला थाना सुश्री मीना आर्या को बाल आश्रय गृह किशोरी गृह बख अल्मोड़ा का भ्रमण निरीक्षण करने, आवासीय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को चेक करनेनियुक्त समस्त स्टॉफ का सत्यापनकरने तथा निवासरत बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक करने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के नेतृत्व में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की टीम द्वारा जिला परिवीक्षा अधिकारी राजीव नयन से समन्वय स्थापित कर बाल आश्रय गृह किशोरी गृह बख अल्मोड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आश्रय गृह के आवासीय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को चेक करते हुए बाउंड्री वॉल, सीसीटीवी कैमरों आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा नियुक्त समस्त स्टॉफ का पुलिस सत्यापन की कार्यवाही करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गये।आश्रय गृह में निवासरत बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष सुश्री मीना आर्या, उपनिरीक्षक सुश्री हेमा कार्की, आरक्षी श्रीमती रेखा देवी आदि थे।

राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन करने के निर्देश

बैंकों एवं औद्योगिक संस्थानों, हेलीपैड एव सरकारी उपक्रमों की पुख्ता सुरक्षा जरूरी : राधा रतूड़ी

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन हेतु कार्ययोजना बनाने के सम्बन्ध में बुधवार को सचिवालय में होमगार्ड्स, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, बैंक, सिडकुल, नागरिक उड्डयन विभाग तथा गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रदेश में स्थित सभी बैंकों, एयरपोर्ट्स, हेलीपेड, औद्योगिक संस्थानों, सिडकुल, राज्य एवं केन्द्र सरकार के उपक्रमों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा बलों की आपूर्ति से सम्बन्धित जानकारी गृह विभाग को जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के गठन के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने कहा कि राज्य में बैंकों एवं औद्योगिक संस्थानों, हेलीपैड एवं सरकारी उपक्रमों की पुख्ता सुरक्षा के लिए एक उत्तरदायी एवं संवेदनशील सुरक्षा बल की नितान्त आवश्यकता है। इस अवसर पर सचिव श्री दिलीप जावलकर, अपर सचिव श्री सी रविशंकर, विशेष सचिव गृह श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, श्रीमती विम्मी सचदेवा एवं उत्तराखण्ड होमगार्ड्स विभाग, सिडकुल, नागरिक उड्डयन विभाग, गृह विभाग, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों व बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र छात्राओं के भोजन भत्ते में दोगुनी बढ़ोत्तरी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों पर इन आवासीय छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के भोजन भत्ते में दोगुनी बढ़ोत्तरी की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आवासीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के दैनिक भोजन भत्तों में भारी वृद्धि की गई है। दैनिक भोजन के लिए प्रति छात्र 150 रुपये प्रतिदिन की धनराशि को मंजूरी प्रदान की गई है। शिक्षा सचिव श्री रविनाथ रमन की ओर से आज इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा श्री वंशीधर तिवारी ने अवगत कराया है कि यह वृद्धि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के छात्रावासों में पंजीकृत विद्यार्थियों हेतु भोजन भत्ता मद में की गई है।

नवरात्रि के नौ रूपों को कैसे समझें?



पहली बात तो ये कि यहाँ नौ को 'नौ' मत मानो। नौ का आंकड़ा सांकेतिक है। नौ कोई संख्या नहीं है, नौ का मतलब है बहुत सारे। शिव की शक्ति जितने भी अनंत रूपों में प्रकट हो सकती है, होती है। महागौरी है तो शांत है, क्षमा करने वाली है। कात्यायनी, चंद्रघंटा या स्कंदमाता है तो संहार करने वाली हैं। सृजन और विनाश दोनों कर सकती है। सब तरह के कर्म शिव की, अर्थात सत्य की शक्ति, के द्वारा संभव हैं। वो कर्म किया जाए जिसके केंद्र में शिव बैठे हों। जब तक तुम्हारे केंद्र में शिव बैठे हैं, तब तक तुम जो भी कर्म कर रहे हो वो शुभ ही होगा। तो नवरात्रि हमें बताती है कि परवाह मत करो कि कर्म का रूप-रंग-नाम-आकार दुनिया ने क्या रखा है। शक्ति महागौरी के रूप में सामने आए, तो तुम्हें लगेगा-ममतामयी माँ। और शक्ति काली के रूप में सामने आए, तो तुम थर्रा उठोगे। यही हाल शुभ-सम्यक कर्मों का है। सही कर्म कभी दाएँ को जाता है तो कभी बाएँ को जाता है; कभी जन्म देता है तो कभी मृत्यु देता है। तो इसीलिए परवाह ही मत करो कि कर्म कैसा चल रहा है। तुम ये देखो कि कर्म के पीछे 'कर्ता' कौन है। शक्ति के पीछे जो असली कर्ता बैठे हैं उनका नाम है 'शिव'। तुम्हारा काम, तुम्हारा विचार और तुम्हारा पूरा जीवन ही शिवत्व के केंद्र से संचालित होना चाहिए। जितनी विविधताएँ संभव हो सकती हैं अस्तित्व में और जीवन में, सबका प्रतीक है नवरात्रि। कोई विविधता अच्छी या बुरी नहीं है। कोई विशेष कर्म पाप या पुण्य नहीं कहलाता। सही-गलत का, अच्छे-बुरे का निर्धारण बस एक बात करती है कि शिव से निकला है कर्म या नहीं, सच्चाई से निकला है या नहीं। सच्चाई से अगर नहीं उद्भूत होगा तुम्हारा जीवन, तो फिर झूठ से चल रहा होगा, माने डर, बेचैनी, लोभ, भय, ईर्ष्या से घिरा होगा। यही संदेश है नवरात्रि का कि रूप पर नहीं जाना है, रूप अनंत हो सकते हैं; केंद्र पर जाकर देखना है। शिव के आधार पर जी रहे हो, या शव के आधार पर जी रहे हो? सत्य के आधार पर जी रहे हो, या भ्रम में ही जिए जा रहे हो? तो जब नवरात्री मनाएँ तो देवियों की उपासना करते समय ये लगातार याद रखें कि शक्ति और कुछ नहीं, शिव का ही साकार रूप हैं। मर्म अगर ठीक है तो सब रूप पूजनीय हैं, सब रूपों का उत्सव मनाओ।

- आचार्य प्रशांत संस्थापक,
प्रशांतअद्वैत संस्था वेदांत मर्मज्ञ,
पूर्व सिविल सेवा अधिकारी

मातृभूमि,मां व मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एव संत श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त सुमदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मां जगदंबा की आराधना व पूजा के साथ-साथ अपने जन्म देने वाले माता-पिता, मातृभूमि, भारत माता, गौ माता, गंगा माता,गीता माता आदि का भी सम्मान करके उनका मार्गदर्शन जीवन में अपनाएं।प्रेम, सौम्यता, संस्कार, मृदुता , वात्सल्य, दया, ममता, सरलता स्नेह, लता, मधुरता, मिठास, अपनापन, उदारता, सहनशीलता, विशालता, क्षमा का जहां दर्शन हो उसे मां कहते हैं। जिसकी कोई उपमा न दी जा सके वह है मां। जिसकी कोई सीमा नहीं वह है मां। जिसके प्रेम को कभी पतझड़ स्पर्श ना करें उसका नाम है मां। परमात्मा, महात्मा, मां प्रभु पाने की प्रथम सीढ़ी है। तलहटी की अवहेलना करके शिखर छूने की कोरी कल्पना मूर्खता है। मां की अवहेलना करके परमात्मा नहीं मिलेंगे। जहां में जिसका अंत नहीं उसे माँ कहते हैं। बचपन में गोद देने वाली को बुढ़ापे में दगा देने वाला मत बनना। मां कैसी हो? इतना ही पूछ लो उसे सब कुछ मिल गया। अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने कहा कि जन्म सार्थक उसी का है जिसका जीवन उत्थान की ओर हो पतन की ओर नहीं। परमात्मा एक है उनके नाम उपासना विभिन्न हो सकते हैं हम सभी उस एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय व हितैषी है। कर्म के साथ-साथ उसमें पूर्ण व दृढ़ विश्वास करो। प्रभु की कृपा निश्चय ही समस्त बंधनों समस्त विपत्तियों व समस्त कठिनाइयों से उबार लेगी। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों, उपासना स्थलों, प्राकृतिक रमणीय स्थलों, हिमालय इत्यादि में शांति मिलती है लेकिन उस शांति को बरकरार रखना या ना रखना हमारे ऊपर निर्भर करता है। पापाचार, अनाचार तथा बुराइयों को त्याग कर सत्कार्य करें तभी हमारा सत्संग में आना,मंदिरों, तीर्थों तथाविभिन्न धर्मस्थलों में आना,पूर्ण सार्थक होगा। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्ति मय में हो उठा।

आरएएन पब्लिक स्कूल में रामलीला का मंचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने श्री राम के दृश्यों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया ।जिसमें श्री राम जन्म से लेकर श्री राम की अयोध्या वापसी तक के दृश्यों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि विंग कमांडर एच. के. राय, श्रीमती लीना काण्डपाल, डॉ गुंजन अरोरा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री हेमंत सिंगल जी, श्रीमती रेखा कर्नाटक, बिलासपुर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट जी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा वहां उपस्थित विशिष्ट अतिथियों तथा अभी अभिभावक गणों का अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा रामलीला की प्रस्तुति की विशिष्ट अतिथि श्रीमती लीना काण्डपाल एवं डॉ गुंजन अरोरा ने सराहना करते हुए, बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की सीख देते हुए रामायण से प्राप्त होने वाली शिक्षा से अवगत करवाया। कार्यक्रम के मध्य में अभिभावक गणोंसे श्री राम जी के जीवन से संबंधित प्रश्न पूछेगए और विजय अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रविन्द्र नगर में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव कल प्रातः से प्रारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी रविन्द्र नगर वार्ड 37 द्वारा श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन कल 20 अक्टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है। आयोजन कमेटी ने बताया कि 20 अक्टूबर को प्रातः श्री दुर्गा देवी षष्ठी बिहीत पूजा, पुष्पांजलि, सायं देवीर आमंत्रण ओ अधिवास, संध्या आरती तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। 21 अक्टूबर को प्रातः नव पत्रिका प्रवेश एवं सप्तमी पूजा, पुष्पांजलि, सायंकाल संध्या आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 22 अक्टूबर को प्रातः श्री श्री दुर्गा देवी बिहित अष्टमी पूजा, पुष्पांजलि, सायंकाल संध्या आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 23 अक्टूबर को प्रातः महानवमी पूजा, हवन, पुष्पांजलि सायंकाल संध्या आरती व आइडियल म्यूजिकल ग्रुप दिनेशपुर द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। 24 अक्टूबर को प्रातः विजया दशमी, पुष्पांजलि रात्रि दशरथ झांकी कलाकेंद्र, खानपुर की प्रस्तुति होगी। जबकि 25 अक्टूबर को प्रातः सिंदूर खेला तथा प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम होगा। आयोजक कमेटी ने सभी से सपरिवार उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

भालू के हमले से घायल महिला को किया एयरलिफ्ट

देवप्रयाग। उत्तराखंड में देवप्रयाग के ग्राम पंचायत पोसाड़ा के विटुला गांव में खेत में काम कर रही एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को बेस अस्पताल श्रीकोट में भर्ती कराया गया। जहां उनके सिर पर 50 टांके लगाए गए। यहां से विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी की पहल पर महिला को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक विटुला गांव की रहने वाली सुधा रतूड़ी (57) बुधवार सुबह 11 बजे घर के पास ही खेत में काम कर रही थी। इस दौरान यहां झाड़ियों में छुपे भालू ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर सुधा का बेटा राजेश और अन्य लोग वहां पहुंचे और किसी तरह भालू को वहां से भगाया, लेकिन तब तक भालू ने सुधा के सिर और पीठ पर नाखूनों से बुरी तरह नोच लिया था। सिर से पूरी खाल उतरी हुई थी, आंख पर गहरे घाव थे। परिजनों ने सुधा को निजी वाहन के जरियेतत्काल मेडिकल कालेज श्रीनगर के बेस अस्पताल श्रीकोट में भर्ती कराया। सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरि सिंह ने बताया कि महिला के सिर से पूरी खाल उतरी हुई थी, जबकि आंख पर गहरे घाव तथा गले तक नोंचा गया है। महिला के सिर में 50 से अधिक टांके लगाए गए। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि घायल महिला पहले से बेहतर स्थिति में है, न्यूरो सर्जन की आवश्यकता को देखते हुए महिला को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। इसके बाद विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी ने महिला को एयरलिफ्ट करने की व्यवस्था कराई और एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।

प्रांतीय पदाधिकारियों की कार्यशाला होगी हल्द्वानी में : वर्मा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा , कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल , प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से एक प्रस्ताव पारित कर दीपावली के बाद हल्द्वानी/ देहरादून अथवा ऋषिकेश महानगर में प्रांतीय पदाधिकारी एवं समस्त 19 जिला कार्यकारिणी की अलग-अलग दो कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही है। जिसमें वर्तमान सत्र में होने वाली व्यवसायिक गतिविधियों एवं संगठन को और प्रभावी रूप से चलाने के संदर्भ में कार्यशाला में टिप्स दिए जाएंगे।प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि इस सत्र में हमें अपनी जिला कार्यकारिणियों को बहुत मजबूती से काम करने के लिए प्रेरित करना होगा। इस हेतु प्रदेश महामंत्री सभी जिला कार्यकारिणियों पर नजर रखेंगे। साथ ही जिला इकाइयों का अपने जिले की नगर इकाइयों से तालमेल कैसे सुदृढ़ किया जाए इस पर भी कार्यशाला में विचार होगा। नवीन वर्मा ने बताया कि संभवत नवरात्रि के तुरंत बाद प्रदेश कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह भी किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल व कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने भी नगर इकाइयों के कार्यशैली को बढ़ते हुए जिला इकाइयों का उन पर नियंत्रण रखने का सुझाव दिया। जिसे कार्यशाला में प्रदेश संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा अपने विचारों से मार्गदर्शन दिया जाएगा। दो दिवसीय कार्यशाला में जिला इकाइयों की समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। इस कार्यशाला में विशेष रूप से आमंत्रित अनिल गोयल, बाबूलाल गुप्ता, एनसी तिवारी, दिनेश पंत एवं अन्य वरिष्ठतम पदाधिकारीगणों को आमंत्रित किया जाएगा।

पेज एक का शेष...

दो अन्तर्राष्ट्रीय नशा तस्कर...बताया कि जम्मू- कश्मीर पुलिस द्वारा इस इनपुट को उत्तराखण्ड एसटीएफ से साझा किया गया था। जिस पर उन्होंने इसकी गहन जांच करने व सम्बन्धित अपराधियों को तलाश करने हेतु एसटीएफ की कुमायूँ इकाई को निर्देश देकर तुरन्त कार्यवाही करने हेतु सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे के नेतृत्व में एक टीम को लगाया गया। जिनके द्वारा कड़ी मेहनत से पिछले 20 दिनों से नाको आतंकी इस माडूयल के दो अपराधियों को चिन्हित किया गया। साथ ही इन अपराधियों को पकड़ने के लिये जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ एक ज्वांइट ऑप्रेशन जनपद उधमसिंह नगर में चलाया गया। जिसके तहत अभियुक्तों के कई ठिकानों पर पिछले 2 दिनों से लगातार छापेमारी की गयीं जिसके फलस्वरूप दोनों अभियुक्तों को रूद्रपुर से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अपराधियों से भारी संख्या में उसी तरह के फर्जी कागजात, मोटरें, उनको बनाने के उपकरणों बरामद हुये हैं। पूछताछ में दोनों आरोपी ने अपना नाम पता कृष्ण पाल पुत्र हरदयाल, निवासी पंपुरा, तहसील बिलासपुर, जनपद रामपुर व दीपचंद पुत्र गेंदन लाल, निवासी उपरोक्त बताया। ये दोनों पिछले काफी समय जम्मू कश्मीर में पकड़े गये आरोपियों के सम्पर्क में थे तथा इस धन्धे कई वर्षों से लगे हुये हैं। अब उत्तराखण्ड एसटीएफ इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि उनके द्वारा बनाये गये फर्जी कागजात गैर कानूनी रूप से कहां कहां इस्तेमाल किये गये हैं। श्री अग्रवाल दने बताया कि पकड़े गये दोनों आरोपियों को जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इस ऑपरेशन में कांस्टेबल जगपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके पास से प्रिंटर,कसल्ड पासपोर्ट, हार्ड डिस्क,रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, चेक बुक 10, इश्योरस सर्टिफिकेट, पासपोर्ट कवर,ड्राइविंग लाइसेस 04, आधारकार्ड 11,गोल्डन स्टेम्प पेपर,इलेक्शन कार्ड 02, लेपटॉप, शैक्षिक प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, पुलिस समाचार सर्विस कार्ड, ऑप्स यूटिलिटी कार्ड, पासबुक, एटीएम कार्ड, आदि सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, उपनिरीक्षक चेतन रावत, उप निरीक्षक केजी मठपाल, उप निरीक्षक नवीन जोशी, अ. उप निरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, गोविंद सिंह, रविंद्र बिष्ट, किशोर कुमार, सुरेंद्र कनवाल, दुर्गा सिंह, आरक्षी मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह व अमरजीत सिंह सहित जम्मू कश्मीर पुलिस टीम के एसडीपीओ अजय जामवाल, उपनिरीक्षक हरीश राणा, मुख्य आरक्षी राजेंद्र कुमार तथा आरक्षी मोहम्मद रफीक शामिल थे।

ट्रक में मिला ...जैन ने कहा चेकिंग के दौरान ट्रक से 750 करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई। मामले में ऐक्शन लेने के लिए चुनाव अधिकारियों को गद्वाल पुलिस की सहायता लेनी पड़ी। कुछ घंटों के सस्पेंस के बाद यह मामला बिना किसी हलचल के शांत हो गया क्योंकि पता लगा कि नकदी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का था, जिसे केरल से हैदराबाद ले जाया जा रहा था। पता चला कि यह सीधा-सीधा चेस्ट-टू-चेस्ट मनी ट्रांसफर था। एक बार सत्यापित होने के बाद, पुलिस ने ट्रक को अपनी यात्रा जारी रखने की अनुमति दे दी थी।

शिव शांति फिल्म...पाया था। लेकिन आज फिर एक मौका दोबारा मिला कि क्राईम अर्लट उत्तराखण्ड की टीम के साथ उत्तराखण्ड की मर्डर मिस्ट्री कहानियों पर ओटीटी चौनल के लिये वैब सीरिज बनाने का। उन्होने हेमन्त भईयू, निर्देशक के रजनीश थापा व कैमरा मैन सिडसिलेरिया को धारावाहिक क्राईम अर्लट उत्तराखण्ड खूबसूरत फिल्मांकन के लिये बधाई दी। तनवीर दुर्रानी ने कहा कि क्राईम अर्लट उत्तराखण्ड की टीम क्षेत्रिय कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिये एक खुला मंच दे रहे हैं। उन्होने सभी कलाकारों से आवहान किया ज्यादा से ज्यादा कलाकार क्राईम अलर्ट उत्तराखण्ड की टीम के साथ जुड़े। बहुत जल्दी ही हल्द्वानी व दिल्ली में वैब सीरिज के लिये ऑडिशन किये जायेगे। इस अवसर पर हेमन्त कुमार भईयू, रजनीश थापा, सिड सिलेरिया, घनश्याम भटट, विजय गौड़, वासू खान, ललित जोशी, सोनी अनीस ऐनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

ट्रक खाई में गिरने...एक ट्रक गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उक्त सूचना मिलते ही पोस्ट ब्यासी से हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह नेगी तत्काल अपनी रेस्क्यू टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे तथा उन्होंने घटनास्थल पर एक ट्रक संख्या जीजे 27टीडी-4402 अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जिसमें केवल चालक ही सवार था जिसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी। टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर खाई में उतरकर शव तक पहुँच बनाई व कड़ी मशक्कत करते हुए रोप स्ट्रैचर व बॉडी बैग के माध्यम से मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक की पहचान प्रमोद पुत्र रामस्वरूप, निवासी- भरतपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

रूद्रपुर में युवक ...दिया। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि एसआई विकास कुमार ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। सीओ सिटी अनुषा बड़ोला ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान है लेकिन घटनास्थल पर खून के धब्बे नहीं मिले। उन्हें आशंका है कि उसे कहीं और मारकर फेंका गया हो। उसकी मौत के कारणों का पता लगाने को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फरार चल रहे पिता पुत्र की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

'पंद्रह' वर्षों में एक कदम भी नहीं चल सका 'उत्तराखंड'

केवल चुनावी जुमला बनकर रह गया नए जिलों का गठन ,बैठकों के अलावा कुछ और नहीं कर सके नए जिलों के गठन के लिए बनाए गए आयोग और समितियां, धामी का युवा जोश भी नहीं दे सका सकारात्मक परिणाम

-अर्श-

रूद्रपुर। नए जिलों के गठन की डगर उत्तराखंड के लिए आज तक इतनी कठिन साबित हुई है कि उत्तराखंड पिछले पंद्रह सालों में इस डगर पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाया है। जिलों के गठन के लिए बनाए गए आयोग और समिति पिछले पंद्रह सालों में केवल बैठक ही करते रह गए ,लेकिन उत्तराखंड में किसी नए जिले का गठन औपचारिक रूप से आज तक नहीं हो पाया। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त एक सूचना के अनुसार उत्तराखंड में नए जिलों के गठन के लिए बनाए गए आयोग और समिति की अब तक तकरीबन 10 से अधिक बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन नए जिलों के गठन का नतीजा अब तक सिफर ही रहा है। राज्य में नए जिलों के गठन की दिशा में अब तक हुए प्रयासों पर नजर डालें तो वर्ष 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ। रमेश पोखरियाल निशंक के कार्यकाल में चार नए जिलों के गठन की अधिसूचना अवश्य जारी की गई थी, लेकिन राज्य में नए जिलों के गठन के लिए प्रयास वर्ष 2009 से ही शुरू हो चुके थे। वर्ष 2009 में मुख्य राजस्व आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी, लेकिन यह समिति इस दिशा में कुछ खास नहीं कर सकी। उसके बाद वर्ष 2012 में अध्यक्ष राजस्व परिषद की अध्यक्षता में दोबारा समिति बनाई गई। आगे चलकर वर्ष 2018 में जिला पुनर्गठन आयोग बना दिया गया तथा समिति को प्रस्ताव पर विचार कर उसकी रिपोर्ट आयोग को देने के कहा गया। नए जिलों के गठन के संबंध में राजस्व परिषद से प्राप्त सूचना के मुताबिक, 23 जनवरी 2013 को आयुक्त गढ़वाल की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक से शुरुआत हुई और बैठकों के दौर चलते रहे । वर्ष 2011 में कोटद्वार, यमुनोत्री, रानीखेत और डीडीहाट को जिला बनाने का निर्णय हुआ। इसके लिए गढ़वाल और कुमाऊं आयुक्त के माध्यम से तय मानकों के हिसाब एक प्रक्रिया निर्धारित की गई। मसलन यमुनोत्री की तब 1,38,559 प्रस्तावित आबादी तय हुई। जिसमें तीन तहसील, तीन विकासखंड, दो थाने व 45 पटवारी क्षेत्र थे तथा कोटद्वार में 324122 आबादी का प्रस्ताव था, जिसमें पांच तहसील, छह ब्लाक, सात थाने व 109 पटवारी क्षेत्र शामिल थे। दूसरी ओर रानीखेत में 328621 की आबादी का प्रस्ताव था, जिसमें पांच तहसील, छह ब्लाक, चार थाने, व 120 पटवारी क्षेत्र और डीडीहाट में 152227 की आबादी, तीन तहसील, तीन ब्लाक, नौ थाने व 54 पटवारी क्षेत्र प्रस्तावित किए गए। वर्ष 2017 में तत्कालीन हरीश रावत सरकार ने चार और नए जिलों की कसरत शुरू कर दीऔर इस सूची में काशीपुर, ऋषिकेश, रुड़की, रामनगर के नाम भी शामिल हो गए। हालांकि, इनमें राजस्व परिषद की ओर से सिर्फ काशीपुर को जिला बनाने का प्रस्ताव किया गया था ,लेकिन तत्कालीन सरकार ने सर आन पड़े विधानसभा चुनाव में लाभ लेने के लिए ऋषिकेश ,रुड़की और रामनगर को भी जिला बनाने की घोषणा कर दी। यह अलग बात है कि विधानसभा चुनाव में हरीश रावत सरकार की वापसी नहीं हो पाई और नए जिलों के गठन का मसाला केवल चुनावी जुमला ही बनकर रह गया। कुल मिलाकर नए जिलों के प्रस्तावों की संख्या बेशक आठ हो गई, लेकिन सरकार एक भी नहीं बना पाई। कहने की जरूरत नहीं कि नए जिलों के गठन का मुद्दा केवल एक सियासी शिगूफा बनकर रह गया। हालांकि नए जिलों का मसला बाद के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी प्रमुखता से गरमाया पर नतीजा पहले जैसा ही रहा। आगे चलकर इस सूची में ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण भी शामिल हो गया ।यद्यपि सत्ता की कमान संभालने के बाद सीएम धामी ने नए जिलों के गठन की घोषणा कर कुछ उम्मीद जगाई थी, परंतु शासन के स्तर पर कोई विशेष हलचल नहीं हो पाई और अब ऐसा जान पड़ता है जैसे युवा मुख्यमंत्री का उत्तराखंड में नए जिले बनाने का युवा जोश भी ठंडा-सा पड़ गया है।



पुलिस ने हाईवे से हटाया अतिक्रमण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर की सुगम यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने नैनीताल हाइवे से अतिक्रमण हटवाया। साथ ही बॉटलनेक पॉइंट्स का चिन्हीकरण किया। एसएसपी के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में सुगम व्यवस्था बनाए जाने के उद्देश्य से डॉ जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम/ट्रैफिक के पर्यवेक्षण में हल्द्वानी के नैनीताल हाइवे पर राकेश माहरा प्रभारी निरीक्षक यातायात, विमल मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम तथा अरविंद, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी समेत पुलिस बल द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने काठगोदाम क्षेत्र के सभी बॉटल नेक पॉइंट का चिन्हीकरण किया। कॉल टैक्स से पनचक्की तक सुगम यातायात के दृष्टिगत अतिक्रमण हटाया। नैनीताल हाईवे पर स्थित वॉकवे के आसपास हो रहे निर्माण कार्य से संबंधित ठेकेदार से वार्ता कर निर्माण कार्य से संबंधित अनावश्यक सामग्री को रोड पर ना फैलाने की हिदायत दी।नैनीताल हाईवे पर अनावश्यक जाम से निजात पाने एवं यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए मार्गो के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।स्थानीय दुकानदारो से अपील की गई कि अपनी दुकानों के आगे अनावश्यक अतिक्रमण न करें और वाहनों को प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई पार्किंग में ही लगवाएं।

ओलंपिक संघ उप सचिव ने दी खिलाड़ियों को बधाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय ओलंपिक संघ की उप सचिव प्रोफेसर श्रीमतीअलकनंदा अशोक ने उत्तराखंड प्रदेश की सेपक टकरा पुरुष और मिनी गोल्फ महिला पुरुष टीम को गोवा में आगामी 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों हेतु खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और बधाइयां दी। उत्तराखंड सेपक टकरा टीम के मैनेजर डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रोफेसर अशोक अलकनंदा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अपने पंतनगर स्थित आवास पर आमंत्रित किया और उनका स्वागत किया। प्रोफेसर अलकनंदा ने कहा कि हमारी मिनी गोल्फ और सेपक टकरा और प्रदेश की अन्य टीम जो गोवा में राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने जा रही है। उनसे हमें बहुत उम्मीदें हैं। आशा है कि यह खिलाड़ी उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय खेलों में जरूर अच्छा प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करेंगे। प्रोफेसर अलकनंदा ने खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सेपक टकरा के कोच कुमारी प्रगति दुमका, अंकुश रौतेला, अरुण भवानी, योगेश पांडे, लोकेश शाह, मंगल नेगी, आशीष बिष्ट, गौरव बेनीवाल, तेजस्वी कुमार, अभय बिष्ट, महेंद्र आर्य, चेतन भट्ट, कशिश शर्मा, श्वेता भाकुनी आदि सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित थे।

SAMSUNG DAIKIN SONY BOSCH dyson
IFB DELL Haier JBL MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool AMSTRAD VOLTAS SANSUI
गुरू मां
महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 22% तक कैशबैक
अब मिलेगा Online से भी सस्ता
गुरू मां
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR I 9917161111-8410888888
गदरपुर
गुरू नानक इन्टर प्राईजेज
(9917161111) (8410888888)
काशीपुर
● चीमा चौराहा ● रामनगर रोड
(9927813555) (8791989500)
हल्द्वानी
● तिकोनिया ● पीलीकोठी
(9997207007) (9690256666)